C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:30 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 229 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 7 मार्च 2025

शाहरुख की पत्नी गौरी ने बताया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रोडवेज बस पर फायरिंग करने वाला मुख्य शातिर ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** पुलिस ने रोडवेज बस पर फायरिंग करने वालों में शामिल मुख्य आरोपी ईनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 22 फरवरी 2025 को रोडवेज बस चालक से पास मांगने को लेकर हुये विवाद में चलती रोडवेज बस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने चालक की ओर से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज में चिह्नित कर दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि फरार चल रहे हर्षदीप सिंह निवासी मुल्लापुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर हाल प्रीत विहार कोतवाली रुद्रपुर को प्रीत विहार को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई चंदन बिष्ट, एसआई देवेंद्र सिंह मेहता, कैलाश मेहरा,अजय रावत, विशाल रावत आदि शामिल रहे।

### रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से आज शुक्रवार यानी 7 मार्च को उत्तराखंड की रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। खास बात यह है कि सम्मेलन उत्तराखंड के पिछले 24 वर्षों की विकास यात्रा तथा उसकी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित होगा। वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखंड के आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन तथा पर्यावरणीय स्थिरता और तकनीकी उन्नति जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। कार्यक्रम में प्रो. डीएस रावत (कुलपति कुविवि), डॉ. सीडी सूंठा (पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड), डॉ. नारायण सिंह जंतवाल (पूर्व विधायक नैनीताल), प्रो. अमित जोशी (प्रबंध अध्ययन विभाग कुविवि परिसर भीमताल), योगेश चंद्र पांडे (पूर्व एजीएम जिला उद्योग केंद्र) डॉ. भुवन चंद्र जोशी (मानव संसाधन विभाग अशोक लीलैंड प्रालि रुद्रपुर) और कीवा सिंह (संस्थापक माउंटेन विलेज फाउंडेशन) प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

# उत्तराखंड के तीन जिलों में मौसम विभाग ने दी हिमस्खलन की चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के तीन जिलों के लिए अगले 24 घंटे भारी हैं। यहां मौसम विभाग की ओर से हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आठ मार्च तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहना की संभावना जताई गई थी।

रक्षा भू सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान चंडीगढ़ ने उत्तराखंड के तीन जिलों में हिमस्खलन को लेकर चेतावनी दी है। कहा गया है कि चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले में अगले 24 घंटे में 2950 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में हिमस्खलन हो सकता है। चीन सीमा पर माणा के पास बीते सप्ताह हिमस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में 55 मजदूर आ गए थे। इनमें से 46 को सुरक्षित निकाला गया, जबकि आठ की मौत हो गई थी। श्रमिकों को निकालने के लिए तीन दिन तक रेस्क्यू अभियान चला। माणा हिमस्खलन की घटना के बाद माणा-माणा पास हाईवे का चौड़ीकरण कार्य पीछे खिसक गया है। हाईवे पर सुधारीकरण व चौड़ीकरण कार्य वर्ष 2027 के अक्तूबर माह में पूर्ण होना था, लेकिन इस घटना से कार्य की रफ्तार धीमी पड़ने के आसार हैं। बीआरओ ने मजदूरों के ठहरने के लिए नए कंटेनर स्थापित करने के लिए बदरीनाथ से माणा के बीच सुरक्षित स्थान की ढूंढ भी शुरू कर दी है। अभी इस क्षेत्र में दो से तीन फीट तक बर्फ जमी है। बर्फ पिघलने के बाद सबसे पहले मजदूरों को रहने के लिए नए कंटेनर स्थापित किए जाएंगे। पिछले दो साल से माणा गांव-माणा पास हाईवे का सुधारीकरण और चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की ओर से प्राइवेट फर्म को हाईवे चौड़ीकरण का काम सौंपा गया है। इसके लिए क्षेत्र में मजदूर निवासरत थे। ये मजदूर हाईवे चौड़ीकरण कार्य करने के बाद रात्रि विश्राम के लिए माणा पास इंट्री गेट के समीप स्थापित कंटेनर में पहुंच जाते हैं। यहां मजदूरों के आठ कंटेनर और एक शेल्टर था। जो अब हिमस्खलन की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यदि मौसम साफ रहा तो अप्रैल माह के अंत तक सीमा क्षेत्र में बर्फ पिघल सकेगी।



राजभवन में आज से सजा फूलों संसार

# राज्यपाल ने तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का किया भव्य शुभारंभ

देहरादून
हमारे संवाददाता

राजभवन में आज शुक्रवार से रंग-बिरंगे फूलों का मेला लग गया है। तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2025 (पुष्प प्रदर्शनी) का शुभारंभ राज्यपाल ने किया। पहले दिन दोपहर एक से शाम छह बजे और आठ व नौ मार्च को सुबह नौ से शाम छह बजे तक जनसामान्य को राजभवन में निशुल्क प्रवेश मिलेगा। इस आयोजन में 15 मुख्य प्रतियोगिताओं की कुल 55 उप-श्रेणियां शामिल हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निर्णायक मंडल की ओर से चयनित विजेताओं को नौ मार्च को कुल 165 पुरस्कार दिए जाएंगे।

राज्यपाल के निर्देशन में इस वर्ष वसंतोत्सव में कई नवीन पहल शुरू की गई हैं। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने इस आयोजन में आने वाले लोगों की गणना के लिए एआई एप्लिकेशन तैयार किया है। जिसके लिए राजभवन के मुख्य द्वार पर एआई इनेबल कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा वसंतोत्सव में आने वाले आगंतुक वेबसाइट www.vmsbu-tu.it.com पर भी पंजीकरण कर सकते हैं, जहां रजिस्ट्रेशन करने पर आगंतुक की सुविधा के लिए एक आई-कार्ड जनरेट होगा, यह रजिस्ट्रेशन ऐच्छिक होगा।

आईटीडीए की ओर से फीडबैक सिस्टम के लिए क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे आगंतुक अपने सुझाव और अनुभव साझा कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य वसंतोत्सव को और अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाना है। वसंतोत्सव-2025 न केवल पुष्प प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अनुभव होगा, बल्कि यह नवाचार और तकनीकी विकास के नए आयाम भी स्थापित करेगा।

न्यू कैंट रोड स्थित राजभवन में वसंतोत्सव के तहत आयोजित होने वाली पुष्प प्रदर्शनी को लेकर पुलिस ने यातायात प्लान लागू किया है। कैंट क्षेत्र में कई मार्ग परिवर्तित रहेंगे। पुष्प प्रदर्शनी में आने वाले अधिकारियों के वाहन शौर्य स्थल के पास खाली मैदान में खड़े कराए जाएंगे। इसके अलावा प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के निजी वाहन एनेक्सी तिराहा से आठवीं गढ़वाल राइफल के फुटबाल ग्राउंड में खड़े कराए जाएंगे। वहीं, बिंदाल और गढ़ी कैंट की ओर से आने वाले लोगों के वाहन महिंद्रा पार्क में खड़े कराए जाएंगे।



# पुलिस की गौ तस्करों मुठभेड़ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो गौ तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जनपद की कोतवाली काशीपुर पुलिस की अचानक गौ तस्करों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो गौ तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी काशीपुर अभय सिंह पहुंचे। एसएसपी ने घायल गौ तस्करों से पूछताछ की।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार गौ तस्करों पर पूर्व में भी दर्ज है मुकदमें। गौकृतस्करों के अन्य दो साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी ने बताया कि घायल शातिर गौ-तस्कर इब्राहिम और आरिफ ठाकुरद्वारा यूपी के रहने वाले है। एसएसपी ने बताया कि जनपद को अपराधियों की शरण स्थली नहीं बनने दिया जाएगा। पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। गिरफ्तार गौ तस्करों से अवैध असलहे बरामद किए। जबकि एक गौ वंश को मुक्त कराया। उन्होंने फरार गौ तस्कर इकबाल उर्फ भूरा पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी नई बस्ती ठाकुरद्वारा यूपी,अफजाल पुत्र इकबाल निवासी पुष्प बिहार कॉलोनी काशीपुर की तलाश की जा रही है।



# शॉर्ट सर्किट से अंदर सोए दादी-पोते की मौत, तीन बुरी तरह झुलसे

चमोली
हमारे संवाददाता

थराली में एक घर में शॉर्ट सर्किट होने से बड़ा हादसा हो गया। दादी और पोते की जान चली गई। और तीन लोग झुलस गए हैं।

कुमाऊं की सीमा से लगे और तहसील थराली के गांव पातला (ताल) में एक घर में शॉर्ट सर्किट हो गया। थराली की तहसीलदार अक्षय पंकज ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर घर के अंदर पांच लोग सोए थे। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट लगने से घर के अंदर आग लग गई, जिसमें दादी और पोते की मौके पर ही मौत हो गई। साथ सोए हुए अन्य तीन लोग झुलस गए। झुलसे हुए तीनों लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। पटवारी सहित राजस्व विभाग की मौके पर मौजूद है और घटना का जायजा लिया जा रहा है।



# 80 लाख कीमती हेरोइन समेत दो अंतराज्यीय तस्कर दबोचे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसटीएफ कुमाऊं की एएनटीएफ यूनिट ने जनपद के थाना किच्छा क्षेत्र में दो अंतराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। टीम ने दोनों के कब्जे से तकरीबन 80 लाख कीमती हेरोइन बरामद की। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान एएनटीएफ यूनिट ने थाना किच्छा क्षेत्र से करीब 80 लाख रूपये की हेरोइन के साथ दो अंतर्राजीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों से करीब 262 ग्राम अवैध हेरोइन मिली। उन्होंने बताया कि सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार देर शाम को किच्छा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए यूपी के नशा तस्करों को दबोचा। उन्होंने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह यह हेरोइन शाहबुद्दीन से लेकर आये हैं जो रायनवादा बरेली का रहने वाला है। टीम को पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी मिली है। टीम जल्दी ही कार्रवाई करेगी।



**कार्रवाई**

- एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स कुमाऊं टीम ने की जनपद के थाना किच्छा क्षेत्र में कार्रवाई

गिरफ्तार नशा तस्कर

1- चमन बाबू निवासी रायनवादा थाना बहेड़ी जिला बरेली यूपी। 2- नाम मोहम्मद शादाब अंसारी निवासी मुंडिया जागीर थाना देवरनियाँ बरेली यूपी।

टीम में एसआई विपिन चंद्र जोशी, एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण,हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह,वीरेंद्र चौहान,इसरार अहमद, मोहित जोशी समेत थाना किच्छा पुलिस से एसआई हेम चन्द्र तिवारी,उमेश सिंह आदि शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकताओं ने निकाली रैली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर नितिन कार्की की ताजपोशी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह नजर आया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्की के स्वागत में बुधवार को तल्लीताल धर्मशाला से लेकर नैनीताल क्लब तक विशाल बाइक रैली निकाली। इस दौरान कार्की ने कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जमकर लाद दिया। बाद में नैनीताल क्लब में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने जो उन पर भरोसा जताया है उसे को कायम रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे और पार्टी की मजबूती प्रदान करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देंगे। इस दौरान विधायक सरिता आर्य समेत मनोज जोशी,आनंद बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट, हरीश राणा, विक्रम रावत, डा.मोहित रौतेला, शांति मेहरा, शुभम आर्य, आरती बिष्ट, राधा पांडे खोलिया, सोनू साह, ज्योति गोस्वामी, गजाला कमाल, ज्योति, नवीन जोशी, भानु पंत, कमलेश ढौडियाल, अरविन्द सिंह पडियार, रीना मेहरा, भगवत रावत, देवेंद्र नेगी, मीनू बुधलाकोटी, विकास जोशी, विक्की राठौर, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, के.एल. आर्य, आशीष बजाज, मोहित आर्य, संतोष कुमार, तुलसी, निखिल बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, पूरन सिंह मेहरा, डा.दीपक मेलकानी, मीरा बिष्ट, रचित तिवारी, गोविन्द सिंह मेहरा समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# बरेली कॉलेज के वनस्पति पीजी विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को बरेली कॉलेज के वनस्पति शास्त्र के पीजी विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने विभाग के शोध की जानकारी ली तथा विभाग द्वारा प्रकाशित फ्लोरा को भी देखा । विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि उत्तराखंड में 250 क्रूड ड्रग प्लांट्स है तथा 701 मेडिसिनल प्लांट्स यहां पाए जाते हैं,कहा कि 2050 में औषधीय पौधों की विश्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगी। डॉ नवीन पांडे ने विद्यार्थियों को बताया कि हर्बेरियम आज भी पौधों के नामकरण का आधार है, यह हर्बेरियम हमें पौधों के पूर्ण जाएं देता है। बरेली के विद्यार्थियों ने पटवा सहित जिनको, टेंपरेट पाम को भी देखा । उसके पश्चात भ्रमण दल ने एरीज तथा बोटेनिकल गार्डन नारायणनगर में भी महत्पूर्ण जानकारी एकत्रित की। विद्यार्थियों के दल में विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक खरे समेत डॉ मालिक,डॉ सिंह,डॉ शालिनी सक्सेना सहित 25 विद्यार्थी तथा डॉ. प्रभा पंत, दिशा,आनंद ,वसुंधरा व विशाल शामिल रहे ।

# प्रो. रजनीश पांडे का भव्य स्वागत व मिष्ठान वितरण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को कला संकायाध्यक्ष कुमाऊं विश्वविधालय बनने पर अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. रजनीश पांडे का भव्य स्वागत किया गया। इस विशेष मौके पर गुरुजनों की ओर से प्रो. रजनीश पांडे का पुष्प गुच्छ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैप पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।

बता दें कि प्रो. रजनीश पांडे को प्रो. पद्म सिंह बिष्ट के अवकाश ग्रहण करने पर विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र तथा कला संकायाध्यक्ष बनाया गया है, उनका कार्य काल तीन वर्ष का होगा,उल्लेखनीय है प्रो. रजनीश पांडे पूर्व में विभागाध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक कुमाऊं विश्वविधालय रह चुके हैं। स्वागत समारोह में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत विभागाध्यक्ष प्रो. आर .सी. जोशी,विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी समेत प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. सुषमा टम्टा, डॉ हरिप्रिया पाठक एएप्रॉफ अनिता पांडे ए डॉ विजय कुमार एडॉ शिवांगी चन्याल,डॉ. मनीषा त्रिपाठी,डॉ नंदन बिष्ट, डॉ. प्रियंका नीरज रुबाली तथा डॉ दलीप आदि मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# स्वास्थ्य केंद्र में पोषण किट का वितरण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की टीम ने गुरुवार को सुयालबाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में तपेदिक टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों के स्वास्थ्य लाभ एवं पोषण के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया।

बता दें इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत के दिशा निर्देशों के क्रम में किया गया। उल्लेखनीय है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा किये जा रहे सामाजिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत ने आठ तपेदिक रोगियों को गोद लिया है जो स्वास्थ्य लाभ की प्रक्रिया में हैं। इन मरीजों को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य के अनुरूप है जिसमें वर्ष 2025 तक भारत को तपेदिक मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पोषण किट वितरण का उद्देश्य तपेदिक रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषण प्रदान करना है ताकि वे जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें।

उचित पोषण तपेदिक के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इस पहल से रोगियों को न केवल शारीरिक बल मिलेगा बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें संबल मिलेगा। इस मौके पर आर एस दरमवाल ने डॉट्स कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल से तपेदिक रोगियों को दवाई के साथ ही पोषण की भी आवश्यक सहायता मिल रही है जो उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक होगी। कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय कदम है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के कमजोर वर्गों को सहायता एवं सहयोग प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रोफेसर अनिल के बिष्ट तथा डॉक्टर जितेंद्र कुमार लोहनी एवं डाक्टर ललित मोहन ने विशेष रूप से भाग लिया। इस आयोजन में डॉट्स के सुपरवाइजर आर एस दरमवाल का सराहनीय सहयोग रहा।



## NEWS / फटाफट

### पत्रकार के विरुद्ध एफआईआर मामले में नोटिस जारी

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार के विरुद्ध कोटद्वार पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही करने पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार व सोसियल मीडिया कर्मी सुधांशु थपलियाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि हिट एन्ड रन से पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने की एक पोस्ट उन्होंने अपने फेशबुक में 29 जनवरी 2025 को पोस्ट की थी । इस पोस्ट को पुलिस की छवि खराब करने वाला बताते हुए पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जबकि उन्होंने हिट एंड रन में हुई युवती के मौत पर ड्राईवर पर कार्यवाही करने को लेकर पोस्ट की थी। याचिका में कहा गया है कि पुलिस कानून का दुरुपयोग करके आम आदमी के अधिकार को दबाने का प्रयास कर रही है।

### चरस मामले का आरोपी दोषमुक्त, जमानत पर रिहा

**नैनीताल ।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को पुलिस रिकॉर्ड व गवाहों के विरोधाभासी बयानों के आधार पर दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 30 अक्टूबर 2017 को काठगोदाम पुलिस ने बानना भीमताल निवासी लोकेश पलडिया को 117 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था । जो करीब एक माह जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हो गया था । इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस के तथ्यों में विरोधाभास सामने आया । साथ ही कोई स्वतन्त्र गवाह भी नहीं था ।

### विकसित भारत युवा संसद का होगा आयोजन

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविधालय द्वारा विकसित भारत युवा संसद का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय उत्तराखंड द्वारा उक्त कार्यक्रम को आयोजित किया जाना है। इस हेतु 18 से 25 वर्ष के युवा माई भारत पर पंजीकरण करना अनिवार्य है । युवाओं को इसके माध्यम से अपने विचारों को रखने का बेहतर मौका मिलेगा तथा विकसित भारत पर अपने विचार साझा करने का मौका मिलेगा । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवांगी ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना सहित अन्य सभी विद्यार्थियों से कहा है कि वह तुरंत रजिस्ट्रेशन करें जिससे उन्हें अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी की संख्या पंजीकरण हेतु नैनीताल जिले में 5000 की संख्या निर्धारित की गई है । उत्तराखंड में दस विद्यार्थियों को विधान सभा तथा चार विद्यार्थियों को संसद में विचार रखने का अवसर मिलेगा। बुधवार को इसी संदर्भ में एक आवश्यक बैठक ऑनलाइन संपन्न हुई जिसमें प्रो. ललित तिवारी, डॉ विजय कुमार,डॉ शिवांगी तथा डॉ नेगी के साथ ही नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया शामिल रही।

### जू शटल सेवा के लिए टेंडर खोले

**नैनीताल।** नगर पालिका द्वारा जू शटल सेवा के लिए टेंडर खोले गए थे जिसमें बुधवार को अल्मोड़ा की फर्म को 81 लाख टेंडर मिला है जिसके बाद अब जू रोड पर पर्यटकों को इलेक्ट्रॉनिक कार का आनंद मिलेगा। नगर पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि बीते एक साल से निविदा नहीं हो पा रही थी जिसके बाद बुधवार को निविदा खोली गई और अल्मोड़ा की फेम के साथ 81 लाख में जू शटल सेवा की निविदा सफल हुई।

### 243वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 243वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में बुधवार को पर्यटक आवास गृह मुनस्यारी में आवास गृह के कर्मचारियों के साथ स्नो स्कीइंग प्रशिक्षण में भाग ले रहे छात्र.छात्राओं ने परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में केदार सिंह, कल्याण राम, मनोज कुमार, हेम पंत, हरीश, नरेंद्र ,गौरव कुमार, चंचल सिंह, नरेंद्र थापा तथा लक्ष्मण राम सहित निगम कर्मी व छात्र छात्राएं रहे।

### नशे में वाहन चलाना पड़ा महंगा, वाहन सीज

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में दो दोपहियां वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने दोनों चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को चैकिंग अभियान के दौरान थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश सिंह बोहरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय तल्लीताल में चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक व एक स्कूटी को रोका गया। दस्तावेज मांगे तो दोनों चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। दोनों के नशे में प्रतीत होने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बयाया कि एमवीएक्ट में गेठिया निवासी राज सिंह रावत व पंकज पतलिया के खिलाफ कार्रवाई कर बाईक संख्या यूके 04 जे 9743 व स्कूटी संख्या यूके 04 टीबी 7669 को सीज किया गया है।

### कैंची धाम के पास पेड़ गिरने से हाइवे में लगा जाम

**भवाली।** प्रसिद्ध कैंची धाम क्षेत्र में देर शाम चीड़ का विशालकाय पेड़ गिरने से सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगो ने स्थानीय पुलिस को सड़क के बीच पेड़ गिरने की सूचना दी। मौके पर टीम के साथ पहुँचे कैंची चौकी प्रभारी हर्ष पाल सिंह ने तत्काल जेसीबी बुलाकर सड़क से पेड़ को हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। करीब आधा घण्टा जाम लगने से हल्द्वानी दिल्ली जा रहे यात्रियों को मुसीबत उठानी पड़ी। चौकी प्रभारी हर्ष पाल ने बताया ने बताया कि सूचना पर तत्काल पहुँचकर जेसीबी के माध्यम से पेड़ को हटाया गया। जिसके बाद वाहनो के लिए मार्ग खोला जा सका।



# अभिमत

## राष्ट्र प्रथम

*यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने सेना के मामले में हस्तक्षेप किया है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तब राहुल गांधी ने बयान दिया था। पाकिस्तान ने सर्जिकल स्ट्राइक पर नाराजगी प्रकट करके सबूत पेश कर दिया था। भारत सरकार को स्पष्टीकरण देने की जरूरत नहीं पड़ी थी। चीन के सैनिकों ने सीमा उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में तम्बू गाड़ दिये थे। भारतीय सेना ने युद्ध की कार्रवाई नहीं की। राजनयिक स्तर से लेकर सेना के कमांडरों ने कई दौर की लम्बी बातचीत करके चीन के सैनिकों को वापस भेजा।*

विश्व के कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष कह चुके हैं कि राष्ट्र प्रथम है। विपक्ष को भी सरकार का विरोध करते हुए राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुसरण करना चाहिए। सेना और न्यायपालिका के कार्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के राहुल गांधी सेना को लेकर राजनीति करने से नहीं चूक रहे हैं। मजबूर होकर सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को ही फटकार लगानी पड़ गई। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए। ऐसा हुआ तो यह चिंता की बात होगी। उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान पर यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा था कि सेना प्रमुख ने लद्दाख सेक्टर में घुसपैंठ की बात कही है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर बातचीत को बढ़ावा दिया है। इसके लिए कोर कमांडरों को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है तो कर लिया जाए। इसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। भारत लंबे समय से कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं, लेकिन जब जरूरी होगा तो हम जंग से पीछे नहीं हटेंगे। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने सेना के मामले में हस्तक्षेप किया है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तब राहुल गांधी ने बयान दिया था। पाकिस्तान ने सर्जिकल स्ट्राइक पर नाराजगी प्रकट करके सबूत पेश कर दिया था। भारत सरकार को स्पष्टीकरण देने की जरूरत नहीं पड़ी थी। चीन के सैनिकों ने सीमा उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में तम्बू गाड़ दिये थे। भारतीय सेना ने युद्ध की कार्रवाई नहीं की। राजनयिक स्तर से लेकर सेना के कमांडरों ने कई दौर की लम्बी बातचीत करके चीन के सैनिकों को वापस भेजा। विस्तारवादी नीति के कारण भारत के कई क्षेत्रों को चीन अपने नक्शे में दिखाता रहा है, हालांकि उसका दावा झूठा है। वर्ष 1962 में चीन के साथ युद्ध हो चुका है। चीन युद्ध के लिए भारत को उकसाता रहा है। भारत से व्यापार समझौता होने से चीन को लाभ हो रहा है। चीन निर्मित घटिया सामान से भारत का बाजार भर गया है। उद्योगों को नुकसान हो रहा है। भारत ने चीन से अनेक उत्पादों का निर्यात रोका है, इसी लिए चीन बौखला रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरह राहुल गांधी को भी राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। सेना के मामले में दखलंदाजी से उनकी छवि धूमिल हो रही है। देश की राजनीति में हाशिये पर पहुंच गये है।

# प्रदर्शनः किच्छा विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह आंदोलन करते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने विधायक पर भू-माफियाओं और अपराधियों को संरक्षण देने, प्रशासन पर अनुचित दबाव बनाने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।इस दौरान राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम नजूल पंकज उपाध्याय और एसडीएम मनीष बिष्ट को सौंपा । विधायक के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई करने की मांग की गई। भाजपाइयों ने विधायक तिलक राज बेहड़ पर अपने पद का दुरुपयोग कर भू-माफियाओं, खनन माफियाओं और आदतन अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर अपराधियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।जो अधिकारी उनकी अनुचित मांगों को मानने से इनकार करते हैं, उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकाया जाता है। स्थानांतरण कराने की धमकी दी जाती है।भू-माफियाओं ने ग्राम दरऊ की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिसे जिला प्रशासन ने खाली कराने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन विधायक के संरक्षण में फिर से उस पर अवैध रूप से गेहूं बो दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गफ्फार खान, जो इस अवैध कब्जे के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन्हें विधायक के संरक्षण में पलने वाले अपराधियों से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि 22 फरवरी को हाजी सरवर यार खान और उनके साथियों ने हथियारों से लैस होकर गफ्फार खान पर हमला किया, जिसे लेकर भाजपा ने तत्काल गिरफ्तारी और हमलावरों के लाइसेंसी हथियार निरस्त करने की मांग की। इस दौरान विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मेयर काशीपुर दीपक बाली, मेयर रुद्रपुर विकास शर्मा, देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, नगला नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे।

**पूर्व विधायक राजेश बोले सरकारी भूमि पर कब्जे की साजिशः** पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रशासन ने ग्राम दरऊ में भू-माफिया से 42 एकड़ सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया था, जिसमें 30 एकड़ में गौशाला बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। लेकिन विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपराधियों को संरक्षण देकर दोबारा अवैध कब्जा करवा दिया।

## प्रो.नीता बोरा शर्मा के पति का हृदयाघात से निधन



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा के पति एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता (63) वर्षीय राजीव शर्मा का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया है। बताया जा रहा कि उन्हें बीपी लो की शिकायत हुई जिसके बाद परिजन उन्हें बीडी पांडे अस्पताल ले आएं। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजीव शर्मा अपने पीछे पत्नी व बेटे को छोड़ गए हैं। एडवोकेट राजीव शर्मा का अंतिम संस्कार गुरुवार को पाइन्स घाट नैनीताल में किया गया। उनके निधन पर हाई कोर्ट के अधिवक्ता एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार समस्त कर्मचारी व कूटा संघ व इसके अलावा पत्रकार संगठन व अन्य संगठनों ने शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

# डीएम ने किया अधिकारियों के साथ हरिपुरा जलाशय गुलरभोज का स्थलीय निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने संबोधित अधिकारियों के साथ बौर, हरिपुरा जलाशय गुलरभोज का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि हरिपुरा जलाशय में 50 प्रतिशत से अधिक सिल्ट है। जिसकी डी सिल्टिंग कराना अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि उपर पहाड़ो का पानी जंगलो, नदी, नालो के रास्ते मलवे के साथ हरिपुरा जलाशय में आता है। उन्होने बताया कि नहरों की सफाई हेतु शासन से विभाग को धनराशि प्राप्त होती है, मगर नदी, नालों, जलाशयो की सफाई हेतु धनराशि प्राप्त नही होती है। उन्होने बताया कि जमरानी बॉध बनने के बाद जमरानी का पानी भी हरिपुरा जलाशय में आयेगा। इसलिए हरिपुरा जलाशय का डी सिल्टिंग कराना अनिवार्य है। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई व जिला पर्यटन अधिकारी को जलाशयों में क्या-क्या क्रियाकलाप पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हो सकते है, कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन के अन्तर्गत बौर जलाशय तक 8 किमी सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जो परिक्षण उपरांत कुछ अनापत्तियां निराकरण व पंतनगर विश्वविद्यालय से सड़क डिजायन तकनीकि वैट कराने हेतु प्राप्त हुआ था, जिसे डिजायन परिक्षण (वैट) कराने हेतु भेजा गया है। अधिशासी अभियंता सिंचाई व तहसीलदार ने बताया कि हरिपुरा जलाशय के सिल्ट क्षेत्र में अवैध खेती करते है। जिस पर जिलाधिकारी ने जलाशय सिल्ट क्षेत्र में अवैध खेती करने वालों को नोटिस देने के निर्देश दिये साथ ही अगले वर्ष से जलाशय क्षेत्र में खेती प्रतिबन्धित करने के निर्देश भी अधिशासी अभियंता व तहसीलदार को दिये। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जलाशय के किनारे ठेली, रेड़ी लगाने से कूड़ा-गंदगी होने से सफाई की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होने बताया कि गुलरभोज निकाय द्वारा मोबाईल शौचालय स्थापित किया गया है। मगर सफाई की व्यवस्था नही हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को डाम क्षेत्र में दुकाने, ठेली, रेड़ी लगाने वालो के साथ बैठक कर कूड़े के समस्या का समाधान निकाला जाय साथ ही उन्होने जलाशय पार कोपा मुनस्यारी, कोपा बसन्ता आदि गांवो की सड़क व अन्य सुविधाओं की जानकारियां ली। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बौर जलाशय के पास संचलित गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएफओ यूसी तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई केएस डांगी, तहसीलदार लीना चन्द्रा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, सहायक अभियंता विशाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

## फिल्मी दुनिया

# शाहरुख की पत्नी गौरी ने बताया घर की कौन सी जगह सबसे पसंदीदा



*हाल ही में शाहरुख खान अपने पूरे परिवार से साथ मुंबई स्थिति बंगले मन्नत को छोड़ कहीं और शिफ्ट हुए। उनके इस बंगले में पुनर्निमाण का काम हो रहा है। अपने इस घर के बारे में शाहरुख की पत्नी गौरी खान ने बात की। शाहरुख खान अपने पूरे परिवार के साथ मुंबई में स्थित पाली हिल की एक बिल्डिंग पूजा कासा में शिफ्ट हुए हैं। दरअसल, उनके बंगले मन्नत में इन दिनों पुनर्निमाण का काम हो रहा है। इस घर से शाहरुख खान और उनकी पत्नी की कई प्यारी यादें जुड़ी हैं। यह उनके सपनों का घर है। हाल ही में गौरी खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि मन्नत का कौन सा कोना, जगह उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। एनडीटीवी को हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में गौरी खान बताती हैं कि उनका घर मन्नत उनके दिल के करीब है। लेकिन इस घर में पुलसाइड पर उन्हें सबसे ज्यादा सुकून मिलता है। गौरी जब भी तनाव में होती हैं तो पुलसाइड में जाकर ही बैठती हैं। मन्नत को डिजाइन करने में गौरी का बहुत बड़ा हाथ है। वह खुद एक इंटीरियर डिजाइनर हैं। अपना ही नहीं कई सेलिब्रिटीज का घर गौरी खान डिजाइन कर चुकी हैं। अब वह कुछ दिनों के लिए मन्नत को छोड़कर पाली हिल में रहेंगी। जिस बिल्डिंग में शाहरुख और गौरी अब रहेंगे, उसे उन्होंने रेंट पर लिया है।*

### शाहरुख मन्नत की बालकनी से फैंस से मिलते हैं

*बंगला मन्नत शाहरुख खान के फैंस के लिए भी खास है। इस घर की बालकनी से ही वह अपने फैंस से मिलते थे। उनको अपनी झलक दिखाते थे। हर खास मौके पर शाहरुख खान के फैंस उन्हें देखने मन्नत के बाहर आते हैं। अब शायद कुछ दिन यह सिलसिला ना चले।*

# सरस आजीविका मेला 2025 में लोक कलाकारों के गानों पर थिरके दर्शक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सरस आजीविका मेला 2025 अंतर्गत को आयोजित सास्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी।

इस दौरान दर्शक जमकर उनके गानों पर थिरके। सास्कृतिक संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री डां अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि महिला समूहों के उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे इस सरस आजीविका मेले में निश्चित रूप से हमारी महिला समूहों को आर्थिक लाभ मिल रहा है और उन्हें एल दूसरे की ससकृति को देखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु अनेक योजनाए संचालित की है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रशासक विकास खण्ड कोटाबाग रवि कन्याल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में इन सभी के द्वारा कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद उठाया तथा लोक कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। सास्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के लोक गायक इन्दर आर्या, राकेश खनवाल, नीरज चूफ़ाल सहित अन्य कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोहा।



News कॉर्नर

## स्नो स्कीईंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नैनीताल ।** कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित बैटुलीधार- मुनस्यारी में चल रहे स्नो स्कीईंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जोहर क्लब मुनस्यारी के अध्यक्ष केदार सिंह मर्तोलिया व सरपंच खुशाल सिंह द्वारा किया गया। कुमाऊ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि छात्रों ने प्रशिक्षण से पूर्व हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली छात्र-छात्राओं ने आवास गृह मुनस्यारी परिसर मेंपौधारोपण किया। उन्होंने कहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुनस्यारी क्षेत्र के 21 छात्र.छात्राओं को स्कीइंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि आज पर्यटकों ने भी स्कीइंग का लुफ्त उठाया। उन्होंने कहा की स्कीइंग करने वालों के लिए काफी बर्फ है । स्कीइंग का प्रशिक्षण देने वालों में लक्ष्मण राम, मनोज कुमार तथा राहुल कुमार प्रमुख हैं। वही बुधवार को उद्घाटन के अवसर पर आवास गृह के प्रबंधक केदार सिंह, गौरव कुमार, कल्याण राम, हेम पंत, नवल गुरुरानी तथा नरेंद्र थापा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## टुकटुक चोरी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क के पास खड़ा टुकटुक चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र पुत्र इन्दर मन निवासी शिव नगर वार्ड 2 रुद्रपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि वह टुकटुक चलाकर अपने बच्चो का पालन पोषण करता है और वह 6 मार्च 2025 को समय 5 बजे टुकटुक गाँधी पार्क के पास खड़ा कर किसी काम से गया था। वापस लौटा तो टुकटुक गायब था। पीड़ित के मुताबिक टुकटुक का रजिस्ट्रेशन संख्या यूके 06 ईआर2476 है। काफी तालाश करने पर नहीं मिला। पुलिस ने टुकटुक चालक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ टुकटुक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# जुम्मे की नमाज पर देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**

मुस्लिम समाज ने रमज़ानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। माह का पहला जुम्मा व रोजा होने के कारण मुस्लिम समुदाय के लोगअल सुबह से ही नमाज अदा करने की तैयारियों में जुट गए। जो दोपहर 12.30 बजे से रंग बिरंगे नए कपड़े पहन, खुशबूदार इत्र की महक से सरोबार होकर व सिर पर विभिन्न प्रकार की टोपी लगाकर मस्जिद के लिए निकले पड़े।



दोपहर को 1 बजते ही शहर की सभी मस्जिदें मुस्लिम समाज के लोगों से लबरेज हो गई और पेश इमामों ने रमज़ानुल मुबारक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की। नगर की मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद आज़म कादरी ने रमजान उल मुबारक के इस विशेष महीने पर मोमिना से ख़िताब करते हुए कहा कि इस महीने में रोजा रखना, नमाज पढ़ना, गरीबों को उनका हक जकात के रूप में अदा करना और कुराने पाक की तिलावत करना चाहिए। यह महीना मोमिनों को खुशियां बांटने का महीना है। इस महीने में हर एक नेकी के बदले मोमिन को 70 नेकियों का सबाब मिलता है। वहीं मौलाना अंसार अहमद ने खुत्बा पढ़ा व मोमिनों ने जुम्मा की नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई। अंत में सलातो सलाम का नजराना पेश कर मोमिनों ने एक-दूसरे के गले मिल रमजान के पहले जुम्मे की मुबारकबाद दी। इसी तरह लाइन नंबर 18 स्थित चिराग अली शाह बाबा मस्जिद में मौलाना हयातुल्लाह खान ने मोमिनों को रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अदा करवाई। इसके पहले मौलाना ने रमजान माह को लेकर बयान किया। रमजान के पहले जुम्मे को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

# कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस का एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

किच्छा कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। कांग्रेसी जूलूस की शक्ल में एसएसपी कार्यालय पहुंचे।उन्होंने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस की कांग्रेसियों के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई। गुरुवार को किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में आवास विकास रिंग रोड पर कांग्रेसी एकत्रित हुए। यहां पर सभा का आयोजन हुआ। सभा में वक्ताओं ने पुलिस पर जमकर निशाना साधा। वक्ताओं का कहना था कि सहकारिता चुनाव को लेकर चल रहे मतदान के दौरान कांग्रेस के पोलिंग एजेंट पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हाजी सरवर यार खां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। विधायक बेहड़ ने इस मामले में किच्छा कोतवाल पर हिटलर शाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग कर दी। बेहड़ का आरोप है कि पुलिस आम जनता का उत्पीड़न बढ़ रहा है। पुलिस जब चाहे उठवा कर राजनैतिक इशारों पर पीट रही है। ऊधमसिंह नगर में जंगलराज



### एसएसपी कार्यालय पर कई थानों समेत पीएसी तैनात

रुद्रपुर। कांग्रेस का प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस कार्यलय पर कई थानों के अलावा पीएसी तैनात की गई है यहा पर एसपी सिटी डा उत्तम सिंह नेगी, सीओ सितारगंज भूपेंद्र धौनी, रुद्रपुर कोतवाल मनोज रतूड़ी, पंतनगर इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा, साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज कुमार, चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

कायम हो चुका है। विधायक बेहड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता को अपमानित करने के जिम्मेदार कोतवाल को नहीं हटाया गया तो वह पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। जरुरत पड़ी तो लड़ाई कोतवाल को संरक्षण देने वाले एसएसपी को हटाने की भी लडी जाएगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अरुण शुक्ला, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, नजाकत खान, परिमल राय,भीम ठुकराल, संजय जुनेजा,गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह,राजेन्द्र मिश्रा, इदरीस गोला, गौरव बेहड़, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल, विधायक जसपुर आदेश चौहान, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी,सुमितत्तर भुल्लर आदि ।समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बीएलएम एकेडमी में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. गीतिका जोशी, खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़, निदेशक सौम्या अग्रवाल और प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत की। महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि डॉ. गीतिका जोशी ने कहा, महिलाओं और बच्चों को समाज में एक सुरक्षित माहौल देना आवश्यक है। महिला दिवस हमें महिलाओं के अधिकारों और उनके योगदान को याद दिलाता है। हमें महिलाओं को सम्मान और समर्थन देना चाहिए। लोक गायिका खुशी जोशी ने अपने गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर नृत्य और संगीत प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने महिला अधिकारों और सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने कहा, महिलाओं में एक साथ कई कार्य करने की क्षमता है। हमें महिलाओं के योगदान को पहचानना और सम्मानित करना चाहिए। कार्यक्रम ने स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को महिला सशक्तिकरण के महत्व को समझने और इसके लिए काम करने के लिए प्रेरित किया है। मौजूद लोगों द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्प लेने से कार्यक्रम का समापन हुआ।इस दौरान प्रबंधक साकेत अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर,अकादमिक संयोजक पूनम क्वात्रा समेत विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।




# मेडिकल स्टोरों पर औषधि नियंत्रण विभाग ने की छापेमारी

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल के कई मेडिकल स्टोरों पर औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से गुरुवार को औचक छापेमारी की गई। अनियमितता पाए जाने पर विभाग की ओर से कई मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबन के लिए कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर हरीश चंद्र पंत के विशेष निर्देश पर गुरुवार को औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से नैनीताल में स्थित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। जिसमें हिमानी मेडिकल स्टोर समेत सांई संजीवनी मेडिकोज तथा प्रकाश मेडिकल स्टोर तथा पॉपुलर मेडिकोज पर औषधि के क्रय विक्रय अभिलेखों का सत्यापन न होने पर औषधि का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके अलावा फ र्मासिस्ट की उपलब्धता भी नहीं पाई गई। जिसके चलते वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि मेडिकल स्टोरों के लाईसेंस निलंबन की संस्तुति के साथ-साथ ही क्रय विक्रय पर रोक लगाए जाने की कार्रवाई की है।

अन्य मेडिकल स्टोर मोहिंदर केमिस्ट तथा राम सिंह संत सिंह व अन्य को बिल काटने व औषधि के उचित भंडारण के संबंध में निर्देशित किया साथ ही हिमानी मेडिकल और राम सिंह संत सिंह मेडिकल प्रतिष्ठानों से दो दो औषधि के नमूने जांच के लिए उठाए गए। टीम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार भी शामिल थे।





## राफ्टिंग प्रशिक्षण जारी

**नैनीताल।** सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊँ मंडल विकास निगम द्वारा संचालित रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के दूसरे चरण के दूसरे दिन भी राफ्टिंग प्रशिक्षण जारी रहा । कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा प्रातः छात्रों ने प्रार्थना राष्ट्रगान हिमालय बचाओ शपथ लेकर गुरना देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया । पूर्व में लगाए गए पौधों में पानी डाला गया। छात्रों को सरयू नदी में पेंडलिगए तैराकी व आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। छात्रों को राफ्टिंग का प्रशिक्षण राजेंद्र सिंह पदम सिंह वेद प्रकाश विनोद धामी द्वारा दिया जा रहा है।

# महाकुम्भ में तैनात एसडीआरएफ टीम को को सम्मानित किया

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा की ओर से पुलिस लाईन रुद्रपुर में महाकुंभ प्रयागराज में बेहतर सेवाएं देने पर एसडीआरएफ के जवानों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान एसएसपी ने महाकुम्भ में तैनात जवानों का फूलमालाओं से स्वागत किया और महाकुंभ में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीआरएफ के जवानों ने महाकुंभ ड्यूटी के अपने अनुभव भी साझा किए। इस दौरान एसपी क्राइम निहारिका तोमर, सीओ संचार आरडी मठपाल,आरआई मनीष शर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



# होली महोत्सव पर रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ होली महोत्सव प्रतियोगिता मै सर्वप्रथम गणेश वंदना के बाद आयी हुई सभी टीमों द्वारा रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया।

तत्पश्चात प्रतियोगी टीमों के द्वारा होली गायन वादन एवं स्वांग के माध्यम से संदेशात्मक होली का प्रदर्शन कर लोगों का मन मुग्ध किया। इसके साथ ही साथ विभिन्न प्रतिष्ठित साथ ही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।और अंत में सभी ने फूलों की होली का भरपूर आनंद भी लिया।




होली प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन मां जगदंबा बैंक्विट हॉल मुखानी रोड में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम प्रतियोगिता के शुभारम्भ मैं, नवीन पंत,ज्ञानेंद्र जोशी,योगेश पांडे,गिरीश लोहनी,मोहन पाठक,कोशलेन्द्र भट्ट,ललित आर्या द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति द्वारा की गई फिर होली प्रतियोगिता शुरू हुई और एक एक कर टीमों द्वारा अपना प्रदर्शन किया गया। आज टीम गौरी माहेश्वरी टीम डहरिया, सरस्वती संगीत समिति, भगवानपुर कालिका कॉलोनी, कुमाउनी लोक संस्कृति,शिव शक्ति टीम ऊंचापुल, आदर्श महिला ग्ररुप, होली राधिका ग्रुप,नैनी महिला जाग्रति संस्था नैनीताल द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गयी।महिला होल्यारों द्वारा होली की झाकियों के द्वारा विभिन्न संदेशों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही फूलों की होली का सभी लोगों ने खूब आनंद उठाया।